हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 15 अक्तूबर 2024, समय 1305 (05 मिनट))

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति की सोच और दूरदृष्टि से देश को **विकसित भारत** का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

****

पंजाब में पंचायत चुनाव के लिए मतदान जारी है। मतदान सुबह 8 बजे शुरू हुआ, जो शाम 4 बजे तक चलेगा और मतदान खत्म होने के बाद चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। मतदान मत पत्रों के जरिए हो रहा है और मत पेटियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। मत पत्र में नोटा का विकल्प भी दिया गया है। सुबह 11 बजे तक 13 प्रतिशत मतदान हुआ। पंजाब में 13 हज़ार 937 ग्राम पंचायतें हैं।

****

हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने कल हरियाणा सिविल सचिवालय में योग केंद्र का उद्घाटन किया। हरियाणा योग आयोग के सहयोग से स्थापित इस केंद्र का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, तथा ध्यान और संतुलित दिनचर्या को प्रोत्साहित करना है। डॉ. प्रसाद ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम कर्मचारियों में उत्पादकता बढ़ाने और उनके स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस योग केंद्र में योग्य प्रशिक्षकों द्वारा कर्मचारियों के लिए नियमित योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने कहा कि यह पहल कर्मचारियों के लिए अत्यधिक लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि पुरुष और महिला योग प्रशिक्षक कर्मचारियों के पास जाकर उन्हें सरल श्वास

अभ्यासों से परिचित कराएंगे, जिससे अंग विन्यास में सुधार और तनाव कम करने में मदद मिलेगी।

****

कुरुक्षेत्र के गांव किरमच, सराय सुखी व बीड सोंटी के ग्राम सचिवों, सरपंचों व नंबरदारों को खेतों में पड़े अवशेषों में आगजनी की घटनाओं को देखते हुए "कारण बताओ" नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ-साथ संबंधित गांवों में पड़ने वाले थाना प्रबंधकों के खिलाफ भी पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई के लिए लिखा गया है। खेतों में अवशेष जलने की घटनाओं के तहत 26 गांवों के ग्राम सचिवों को भी "कारण बताओ" नोटिस जारी किया गया है। कुरुक्षेत्र के उपायुक्त राजेश जोगपाल ने कहा कि जिले में खेतों में अवशेष न जले इसके लिए शुरू से ही विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों व आमजन को जागरूक करने का काम किया गया है। कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. कर्मचंद ने बताया कि जिला कुरुक्षेत्र में अभी तक 71 जगहों पर आगजनी की घटनाओं की सूचना मिली है ,जिनमें से 45 जगहों पर आगजनी की घटना की पुष्टि हुई और सम्बन्धित टीमों ने मौके पर जाकर कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान 1 लाख 12 हजार 500 रुपए का जुर्माना भी किया गया है तथा 11 किसानों की लाल प्रविष्टि की गई है।

****

उधर कैथल जिले में धान के अवशेषों में आग लगाने के अब तक 83 मामले सामने आए हैं। आग लगाने वाले किसानों व अन्य लोगों को कृषि विभाग द्वारा 80 हजार रुपए का जुर्माना भी किया गया है। कृषि विभाग के सहायक कृषि अभियंता जगदीश मलिक ने बताया कि विभाग की टीम गांव गांव जाकर किसानों को धान के अवशेष न जलाने को लेकर जागरूक कर रही है लेकिन कुछ लोग फिर भी मान नहीं रहे हैं। ऐसे में वे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहूँचा रहे हैं बल्कि जमीन की उपजाऊ शक्ति को भी खराब कर रहे हैं। उन्होंने किसानों से आह्वान किया है कि वे धान के अवशेषों को आग न लगाएं बल्कि उनसे मुनाफा कमाएं।

****

सिरसा में पराली जलाने के 7 मामले सामने आए हैं। इनमें से दो स्थानों पर आगजनी की घटना की पुष्टि हुई है। दोनों किसानों को कृषि विभाग द्वारा 2500-2500 रुपये का जुर्माना किया गया है। कृषि विभाग के उपनिदेशक डा. सुखदेव सिंह ने बताया कि पराली जलाने को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।सरपंच व पटवारियों को भी आगजनी की घटनाओं को रोकने की ज़िम्मेदारी दी गई है। लोगों को जागरूक करने के लिए स्कूलों में प्रभात फेरी निकाली जा रही है ।इसके ईलावा पराली प्रबंधन में सहयोग के लिए सिरसा में गांठ बनाने व पराली निस्तारण के लिए सात इकाईयां भी लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि पराली प्रबंधन करने वाले किसानों को सरकार द्वारा एक हजार रूपये प्रति एकड़ के हिसाब से प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि हरित क्षेत्र में आने वाले गांवों को 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है और हरित क्षेत्र में आने वाले गांवों में आगजनी की कोई घटना नहीं हुई है।

****

कुरुक्षेत्र जिले में पराली प्रबंधन के लिए सहगल और वालमार्ट फाउंडेशन के सहयोग से चलाई जा रही फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत 11 सुपर सीडर मशीनों का वितरण किया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट, जिला विकास अधिकारी डा. कर्मचंद, सहायक कृषि अभियंता डा. राजेश वर्मा और सहगल फाउंडेशन से नीरज कुमार दुबे ने सुपर सीडर मशीनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि खेतों में पड़े अवशेष न जले इसके लिए कृषि विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वह खेतों में पड़े अवशेषों को न जलाएं बल्कि कृषि यंत्रों का प्रयोग करते हुए पराली का निस्तारण करे।

****